**Seventeenth Loksabha**

an>

**Title: Regarding encroachment in Sabeya Airport under the Ministry of Defence.**

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज):** धन्यवाद सभापति महोदय। मैं अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के हथुआ अनुमंडल स्थित बंद पड़े सबेया एयरपोर्ट का अतिक्रमण हटाने एवं बीडिंग कराने के लिए आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी एवं माननीय उड्डयन मंत्री जी से आग्रह कर रहा हूं। सबेया एयरपोर्ट रक्षा मंत्रालय का है, जो उड़ान योजना में शामिल है। इस पर 1011 लोगों द्वारा इसकी 338.66 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके अतिक्रमण को हटाने के लिए रक्षा संपदा अधिकारी, दानापुर द्वारा अब तक जमीन से जुड़े सभी कागजात उपलब्ध नहीं कराये जा सके हैं, जिसके चलते जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ रहा है। मैंने भी कई बार दूरभाष और लिखित रूप से उनको दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया है, लेकिन अभी तक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया है।

महोदय, अतः मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी एवं माननीय उड्डयन मंत्री जी से यह आग्रह करता हूँ कि सबेया एयरपोर्ट पर कामर्शियल फीजिबिलिटी को देखते हुए और उड़ान योजना के तहत बोली की प्रक्रिया, परिचालन विधि एवं अतिक्रमण हटाने के लिए मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाए।